**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर।**

| | **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|---|
| 6.(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि सहायक आवास आयुक्त (भूमि) उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् (भूमि अर्जन अनुभाग) ने अपने पत्र संख्या-568/ एल0ए0सी0/ एच0क्यू0(गा0) दिनांक 21 अक्टूबर,2021 को पत्र के माध्यम से परिषद् की लोनी रोड़ भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना अजन्तापुरम को अर्जन मुक्त किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड गाजियाबाद-03 उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् गाजियाबाद को प्रकरण प्रेषित किया गया है ? | जी हां, सहायक आवास आयुक्त (भूमि) उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा परिषद की लोनी रोड़ भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना अजन्तापुरम में समाविष्ट खसरा संख्या-390 आईस फैक्ट्री को अर्जनमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में आख्या मॉगी गयी है। |
| (ख) | उक्त पत्र के क्रम में अब तक क्या कोई कार्यवाही की गयी है? | प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या-4117/2015 योजित है, जिसमें मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 28-01-2015 को 'स्टेटस को' के आदेश निर्गत किये गये हैं। प्रकरण मा0 न्यायालय में लंबित होने के कारण अग्रेतर कार्यवाही पर विचार नहीं किया गया है। |
| (ग) | यदि हॉं, तो क्या परिषद् की लोनी रोड़ भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना अजन्तापुरम में समाविष्ट भूमि को अर्जन मुक्त करा दिया गया है? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि नहीं, तो कब तक उक्त भूमि को अर्जनमुक्त करा दिया जायेगा? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्य मंत्री।

Qustion-2021 (140)

Scanned with OKEN Scanner